# FIRST INFORMATION REPORT
## Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट )
## अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2024

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0192 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 05/09/2024 20:55 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7 |
| 2 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7A |
| 3 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 61(2) |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 30/08/2024 **Date To (दिनांक तक):** 03/09/2024

**Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 17:35 बजे **Time To (समय तक):** 16:02 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 05/09/2024 **Time (समय):** 18:30 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 002 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 05/09/2024 20:55:31 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** SOUTH-WEST, 235 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b)**Address(पता):** BHILWARA, TEHSIL KARYALAYA ASIND

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

**Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):** BHILWARA(RAJASTHAN)

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** BARDI CHANDRA

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** LAXMAN KUMAWAT

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1975 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|
| | | |

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | MADHOPURA, ASIND, BHILWARA, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | MADHOPURA, ASIND, BHILWARA, RAJASTHAN, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PRADEEP KUMAR YADAV | | पिता:RAMAVTAR YADAV | 1. MILAKPUR,BEHROR,ALWAR,R |
| 2 | KRISHNA KUMAR AVASTHI | | पिता:OMPRAKASH AVASTHI | 1. BUBAKIYA,BHINAY,केकड़ी, RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | | 80,000.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)** 80,000.00
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

सेवामे, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा विषय- रिश्वत लेने वाले को पकडवाने बाबत। महोदय जी, उपरोक्त विषय मे निवेदन है कि मै प्रार्थी बरदीचंद उर्फ बरदा पिता लक्ष्मण कुमावत निवासी माधोपुरा (जोधडास) तहसील आसीन्द जिला भीलवाडा का निवासी होकर मैने मेरे नाम से ग्राम माधोपुरा पटवार हल्का जोधडास मे आराजी सं 580 रकबा 5.80 है मे से 7/24 हिस्सा चला आरहा था, ऑनलाईन सम्बत 2074 से 2077 बनाते समय मेरी कृषि भूमी के संपूर्ण हिस्से को बिना किसी कारण से राजस्व रिकॉर्ड से हटा दिया गया तथा मेरे सह खातेदार नानू पिता मेघा गुर्जर ने उसके हिस्से की भूमि भीमराज पिता राजूलाल गुर्जर निवासी भालडी खेडा तहसील मांडल को विक्रय की, जिसका राजस्व रिकॉर्ड मे नामांतरण दर्ज किया जा चुका है। वर्तमान मे ऑनलाईन सेक्रीकेशन बनाते समय मेरे नाम दर्ज भूमि के संपूर्ण हिस्से को श्री भीमराज पिता राजू लाल गुर्जर के नाम राजस्व रिकॉर्ड मे दर्जकर दिया गया है। मुझे मेरे उक्त खाते की नकल ऑनलाईन निकलवाने पर मेरी जानकारी मे आया कि मेरे हिस्से की भूमि भीमराज पिता राजू लाल गुर्जर के नाम दर्ज हो गई, जिस पर मैने तहसील कार्यालय आसीन्द मे जाकर उक्त खाते को संस्थागत खाते मे डलवाने हेतू प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर तहसीलदार सा. आसीन्द ने उक्त खाते को विवादित होने से संस्थागत खाते मे डाल दिया ताकि खातेदार अन्य किसी को विक्रय नही कर सके। श्री भीमराज गुर्जर यह जानते हुये कि मेरी भूमि उस के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड मे दर्ज हो चुकी है का विक्रय करने पर आमदा है। श्री भीमराज गुर्जर ने तहसीलदार आसीन्द के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त खाते को संस्थागत खाते से हटाने के लिये आवेदन किया, तहसीलदार आसीन्द ने उक्त प्रार्थना पत्र पर पटवार हल्का जोधडास को जाँच कर रिपोर्ट करने के लिये लिखा, जिस पर मुझे पटवारी श्री प्रदीप कुमार ने समाचार कर मुझे तहसील आसीन्द मे बुलाया। जिस पर मै आज दिनांक 30.08.2024 को करीब 1 बजे तहसील आसीन्द मे जाकर पटवारी श्री प्रदीप कुमार जी व गिरदावर सा. श्री कृष्ण कुमार जी से जाकर मिला, तो उन्होने मुझे कहा कि भीमराज गुर्जर निवासी भालडी खेडा ने खाते से संस्थागत हटाने की रिपोर्ट दी है, यह खाता संस्थागत हट जायेगा तो भीमराज उक्त भूमि को दूसरो के नाम बेचान कर देगा। तुम्हारी भूमि लटकती रह जायेगी तथा तुम्हारे नाम पर नही आयेगी, हम उक्त खाते को विवादग्रस्त की रिपोर्ट कर देगे तो भीमराज जमीन की रजिस्ट्री दुसरो के नाम नही करा पायेगा, उक्त खाते को संस्थागत रखने व बाद मे उक्त खाते को सही करवा कर दर्ज करवा देगे, इसके लिये कितना खर्चा पानी दोगे, जिस पर मैने कहा कि आप ही बताओ तो उन्होने कहा कि कम से कम एक लाख रूपये लगेगे, जिस पर मैने कहा कि साहब अभी मेरे पास इतनी व्यवस्था नही है तो उन्होने कहा कि हमे सोच समझ कर बता देना। मै प्रदीप कुमार पटवारी व कृष्ण कुमार गिरदावर सा. को रिश्वत नही देना चाहता हूँ, बल्कि रिश्वत लेते हुये को रंगे हाथ पकडवाना चाहता हूं मेरे व इन दोनो पटवारी व गिरदावर के उधार का लेन देन नही है तथा न ही आपसी दुमनी है। एस.डी बरदीचन्द्र प्रार्थी बरदीचन्द्र पिता लक्ष्मण कुमावत निवासी माधोपुरा पो. कालियास तहसील आसीन्द जिला भीलवाडा मो नं कार्यवाही पुलिस भ्र.नि.ब्यूरो भीलवाडा-द्वितीय दिनांक 30.08.2024 समय 05.35 पी.एम पर मन् पुलिस निरीक्षक कल्पना के समक्ष परिवादी श्री बरदी चन्द्र उर्फ बरदा कुमावत पिता श्री लक्ष्मण कुमावत, निवासी माधोपुरा, तहसील आसीन्द, जिला भीलवाडा ने एक हस्त लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। मन् निरीक्षक पुलिस ने परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र परिवादी को पढकर सुनाया तो परिवादी ने रिपोर्ट में अंकित तथ्यो की ताईद की तथा उक्त रिपोर्ट पर अपने हस्ताक्षर होना बताया। परिवादी से दरियाफत की गई तो परिवादी ने बताया कि मैने मेरे नाम से ग्राम माधोपुरा पटवार हल्का जोधडास मे आराजी सं 580 रकबा 5.80 है मे से 7/24 हिस्सा लगभग 8 बीघा कृषि भूमि मैने अलग अलग समय मे तीन बार अलग अलग खातेदारो से क्रय की थी उक्त पूरी भूमि का मेरे नाम से नामान्तरण हो कर दर्ज रिकॉर्ड 7/24 हिस्सा चला आ रहा था। ऑनलाईन सम्वत 2074 से 2077 बनाते समय मेरी कृषि भूमी के संपूर्ण हिस्से को बिना किसी कारण से राजस्व रिकॉर्ड से हटा दिया गया तथा मेरे सह खातेदार नानू पिता मेघा गुर्जर ने उसके हिस्से की भूमि भीमराज पिता राजू लाल गुर्जर निवासी भालडी खेडा तहसील मांडल को विक्रय की जिसका राजस्व रिकॉर्ड मे नामांतरण दर्ज किया जा चुका है। वर्तमान मे ऑनलाईन सेक्रीकेशन बनाते समय मेरे नाम दर्ज भूमि के संपूर्ण हिस्से को श्री भीमराज पिता राजू लाल गुर्जर के नाम राजस्व रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया गया है। मुझे मेरे उक्त खाते की नकल आनलाईन निकलवाने पर मेरी जनकारी मे आया कि मेरे हिस्से की भूमी भीमराज पिता राजू लाल गुर्जर के नाम दर्ज हो गई जिस पर मैने तहसील कार्यालय आसीन्द मे जाकर उक्त खाते को संस्थागत खाते मे डलवाने हेतू प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया

जिस पर तहसीलदार साहब आसीन्द ने उक्त खाते को विवादित होने से संस्थागत खाते मे डाल दिया। ताकी खातेदार अन्य किसी को विक्रय नही कर सके। श्री भीमराज गुर्जर यह जानते हुये कि मेरी भूमि उस के नाम पर गलत तरिके से राजस्व रिकॉर्ड मे दर्ज हो चुकी है का विक्रय करने पर आमदा है। श्री भीमराज गुर्जर ने तहसीलदार आसीन्द के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त खाते को संस्थागत खाते से हटाने के लिये आवेदन किया, तहसीलदार आसीन्द ने उक्त प्रार्थना पत्र पर पटवार हल्का जोधडास को जॉच कर रिपोर्ट करने के लिये लिखा जिस पर मुझे श्री प्रदीप कुमार यादव पटवारी साहब ने समाचार कर तहसील आसीन्द मे बुलाया जिस पर मै आज दिनांक 30.08.2024 को करीब 1 बजे तहसील आसीन्द मे जाकर श्री प्रदीप कुमार यादव पटवारी साहब व श्री कृष्ण कुमार जी गिरदावर साहब से जा कर मिला तो उन्होने मुझे कहा कि भीमराज गुर्जर ने खाते से संस्थागत हटाने की रिपोर्ट दी है यह खाता संस्थागत हट जायेगा तो भीमराज दूसरो के नाम उक्त सारी भूमि का बेचान कर देगा। तुम्हारी भूमि लटकती रह जायेगी तथा तुम्हारे नाम पर नही आयेगी, हम हम उक्त खाते को विवादग्रस्त की रिपोर्ट कर देगे तो भीमराज दूसरे के नाम पर रजिस्ट्री नही करा पायेगा उक्त खाते की संस्थागत रखने व बाद मे उक्त खाते को सही करवा कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवा देगे इसके लिये कितना खर्चा पानी दोगे जिस पर मैने कहा कि आप ही बताओ तो उन्होने कहा कि कम से कम एक लाख रूपये लगेगे जिस पर मैने कहा कि साहब अभी मेरे पास इतनी व्यवस्था नही है तो उन्होने कहा कि हमे सोच समझ कर बता देना। इसके बाद मै तहसील आसीन्द से रवाना होकर यहां पर आया हुं। परिवादी से दरियाफत की गई तो परिवादी ने बताया कि मेरे व आरोपीगण के बीच में कोई उधार का लेन देन बकाया नही है, ना ही कोई आपसी रंजिष है। मेरे द्वारा किसी प्रकार की राजकीय राशि राजस्व विभाग में जमा कराना बकाया नही है परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं दरियाप्त से मामला रिश्वत राशि मांग का होकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित) 2018 के अन्तर्गत आना प्रथम दृष्टिया दृष्टि गोचर होने से समय 06.00 पी.एम पर कार्यालय के मालखाना में से श्री प्रहलाद कुमार, सहायक उप निरीक्षक से डिजीटल वॉयस रिकोर्डर मय खाली नया मेमोरी कार्ड मंगवाया/निकलवाया जाकर परिवादी को वॉयस रिकॉर्डर के संचालन की विधि समझाईश की गई। परिवादी को रिश्वत राशि मांग सत्यापन कराने हेतु बताया तो परिवादी ने कहा कि अभी कार्यालय का समय समाप्त हो चुका है। मांग सत्यापन कराने हेतु भीलवाडा से आसीन्द जाने में समय लगेगा तथा रात्री का समय होने वाला है, कल ओर परसों का राजकीय अवकाश होने से आरोपीगण संभवतया बाहर जा सकते है। मैं सोमवार दिनांक 02.09.2024 को रिश्वत राशि मांग का सत्यापन करवा सकता हूं आप किसी कर्मचारी को मेरे पास भिजवा देना। जिस पर डिजिटल वायस रिकार्डर मय खाली मेमोरी कार्ड को मालखानें में रखवाया गया। समय 06.15 पी.एम पर परिवादी श्री बरदीचन्द उर्फ बरदा कुमावत को दिनांक 02.09.2024 को समय 10.30 ए.एम. पर ब्राहमणों की सरेरी बायपास पुलिया के पास मौजूद मिलने व गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत देकर रूखसत किया गया। दिनांक 02.09.2024 को समय 09.30 ए.एम पर कार्यालय के मालखाना में से श्री प्रहलाद कुमार, सहायक उप निरीक्षक चौकी द्वितीय से डिजीटल वॉयस रिकोर्डर मय खाली नया मेमोरी कार्ड मंगवाया/निकलवाया जाकर श्री रामेश्वर लाल कानि0 न0 250 को सुपुर्द कर परिवादी श्री बरदीचन्द उर्फ बरदा कुमावत के मोबाईल नम्बर दिये जाकर कानि0 हिदायत दी गई कि ब्राहमणों की सरेरी बायपास पुलिया के पास पहुचं परिवादी से सम्पर्क कर रिश्वत राशि की मांग सत्यापन से सम्बन्धित कार्यवाही करने के निर्देश देकर स्वयं की मोटर साईकिल से रवाना किया गया। समय 05.30 पी.एम पर श्री रामेश्वर कानि0 250 हाजिर कार्यालय आया, जिसने डिजिटल वॉयस रिकार्डर मय मेमोरी कार्ड प्रस्तुत करते हुए बताया कि आप के निर्देशानुसार मैं एसीबी कार्यालय भीलवाडा द्वितीय से रवाना होकर ब्राह्मणों की सरेरी बायपास पुलिया के पास पहुचां जंहा पर परिवादी मौजूद नहीं मिला, जिस पर मैने परिवादी से जरिये मोबाईल सम्पर्क किया तो परिवादी ने बताया कि आरोपी पटवारी साहब ने मुझे पटवार घर ईरास बुलाया है। आप मेरे गांव जोधड़ास ही आ जाओं, जिस पर मैं रवाना होकर जोधड़ास गांव के बाहर पहुचा, जहां पर परिवादी उपस्थित मिला, जिसको रिश्वत राशि मांग सत्यापन के बारे में अवगत कराया गया। परिवादी ने मुझे बताया कि पटवारी साहब ने आज 12-1 बजे के बीच मे मुझे पटवार घर ईरास पर बुलाया है, जिस पर मै व परिवादी रवाना होकर पटवार घर ईरास के पास पहूॅुचे, परिवादी को मैने डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड चालु कर सिपूर्द कर परिवादी को पटवारी से रिश्वत राशि मांग वार्ता को रिकॉर्ड करने हेतु रवाना किया, मैं पटवार घर के बाहर खडा हो गया करीब 15-20 मिनट बाद परिवादी मेरे पास आया जिसने चालु डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड प्रस्तुत किया, जिसको मैंने लेकर बंद किया। परिवादी ने बताया कि पटवारी साहब ने मेरी जमीन के बारे मे पूछा तथा मौके पर जाने के लिए कहा तथा मेरी जमीन की खाता दुरस्तीकरण के लिए कागजी कार्यवाही मुझे करने के लिए कहा तथा रिश्वत राशि के संबंध मे बाद मे बात करने के लिए कहा इसके पश्चात मैं व परिवादी दोनो थोडी देर इन्तजार करने के बाद पटवारी साहब ने परिवादी को फोन कर कहा कि तहसीलदार साहब आसीन्द अभी आपको बुला रहे है, वही पूरी बात करेगें। आप तुरन्त आसीन्द आ जावो, जिस पर मै व परिवादी दोनो रवाना होकर आसीन्द तहसील कार्यालय के पास पहूॅुचे, परिवादी को मैने डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड चालु कर सिपूर्द कर तहसील कार्यालय के लिए रवाना किया, मैं तहसील के बाहर परिवादी का इन्तजार करने लग गया। करीब 45 मिनट पश्चात परिवादी मेरे पास आया जिसने चालु डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड प्रस्तुत किया, जिसको लेकर मैने बंद किया, परिवादी ने मुझे बताया कि रिश्वत राशि से संबधित वार्ता हो चुकी है, पटवारी साहब

प्रदीप कुमार यादव व गिरदावर साहब कृष्ण कुमार जी ने मेरे से 80,000 रूपये रिश्वत की मांग की है, जिस पर मैने आपसे जरिये मोबाईल वार्ता कर हालात निवेदन किये, परिवादी के आवश्यक कार्य होने से आपके निर्देशानुसार आसीन्द मे ही छोडकर मै आसीन्द से रवाना होकर एसीबी कार्यालय आया हॅु, कानि श्री रामेश्वर लाल द्वारा प्रस्तुत डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को चालु कर सुना गया तो श्री रामेश्वर लाल कानि द्वारा बतायी गये, उक्त तथ्यो की ताईद हुई। डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को कार्यालय के मालखाने मे प्रहलाद कुमार स.उ.नि. से सुरक्षित रखवाया गया। समय 06.20 पी.एम चुंकि कल दिनांक 03.09.2024 को ट्रैप कार्यवाही का आयोजन किया जाना है, जिसमे दो स्वतन्त्र गवाह की आवश्यकता होने से अधीक्षण खनि अभियन्ता भीलवाडा के नाम तहरीर दी जाकर श्री गोपाल जोशी, सहायक उपनिरीक्षक को रवाना किया गया। समय 07.20 पी.एम पर श्री गोपाल जोशी सहायक उपनिरीक्षक मय दो स्वतन्त्र गवाह लेकर हाजिर कार्यालय आया जिनको मन् निरीक्षक पुलिस ने अपना परिचय देकर उनका परिचय पूछा तो एक ने अपना नाम श्री गोपाल लाल पॅवार पुत्र श्री गोवर्धन लाल पॅवार निवासी-ई-291/1, बायोस्कोप के पास, सुभाषनगर, भीलवाडा, हाल वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता-भीलवाडा व दुसरे ने अपना नाम श्री तिलकेश्वर प्रसाद धूपड पुत्र श्री रामस्वरूप धूपड निवासी 10 पी 4, आर.सी. व्यास कॉलोनी, भीलवाडा हाल सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-प्रथम, कार्यालय खनि अभियंता-भीलवाडा होना बताया। दोनो गवाह को कार्यालय में बिठाया गया। समय 07.30 पी.एम पर दोनो गवाह को कल दिनांक 03.09.2024 को समय 08.00 ए.एम पर एसीबी कार्यालय में उपस्थित होने हेतु पाबन्द कर रूखसत किया गया। दिनांक 03.09.2024 समय 08.00 ए.एम पर परिवादी श्री बरदी चंद उर्फ बरदा हाजिर कार्यालय आया, तथा बताया कि कल दिनांक 02.09.2024 को श्री रामेश्वर लाल जी मेरे पास मेरे गांव मे आये थे, तथा रिश्वत राशि मांग सत्यापन करवाने के लिये बताया। तत्पश्चात हम दोनो रवाना होकर ईरास गांव पहॅुचे, जहां पर पटवार घर के पास रामेश्वर जी ने मुझे डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड चालु कर सिपूर्द किया उसके बाद मैं पटवार घर ईरास मे गया जहां पर पटवारी मौजुद मिले, जिनसे मेरी वार्ता हुई पटवारी साहब ने मेरी जमीन के बारे मे पूछा तथा मौके पर जाने के लिए कहा तथा मेरी जमीन की खाता दुरस्तीकरण के लिए कागजी कार्यवाही मुझे करने के लिए कहा तथा रिश्वत राशि के संबंध मे बाद मे बात करने के लिए कहा इसके पश्चात मैने चालु डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर रामेश्वर जी को सिपूर्द किया जिन्होने बंद कर अपने पास सुरक्षित रखा तथा मैने हालात रामेश्वर जी को बताये उसके बाद मैं व रामेश्वर जी ईरास गांव के बाहर इन्तजार कर रहे थे कि पटवारी साहब का मेरे मोबाईल पर फोन आया, तथा मुझे कहा कि तहसीलदार साहब आसीन्द अभी आपको बुला रहे है, वही पूरी बात करेगें। आप तुरन्त आसीन्द आ जावो, जिस पर मै व रामेश्वर जी दोनो रवाना होकर आसीन्द तहसील कार्यालय के पास पहॅुचे, रामेश्वर जी ने मुझे डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड चालु कर सिपूर्द कर तहसील कार्यालय के लिए रवाना किया। मैं तहसील कार्यालय आसीन्द में गया जहां पर मेरी बात पटवारी श्री प्रदीप कुमार व गिरदावर साहब कृष्ण कुमार जी से हुई जिन्होने मेरे काम के लिये 80,000रू. रिश्वत कि मांग की तथा मेरी जमीन की खाता दुरस्तीकरण करने के लिये तहसील परिसर में स्थित चाय की दुकान पर ले जाकर एक रिपोर्ट तहसीलदार साहब के नाम किसी व्यक्ति से लिखवाई जिस पर मेरे हस्ताक्षर करवाये उसके बाद मुझे तहसीलदार साहब के पास लेकर गये तहसीलदार साहब ने मेरे प्रार्थना पत्र पर कुछ लिखकर गिरदावर साहब को दे दिया। उसके बाद में तहसील से रवाना होकर रामेश्वर जी के पास आया जिनको मैंने चालू डिजिटल वायस रिकार्डर प्रस्तुत किया जिन्होने लेंकर बन्द कर अपने पास रखा तथा मैने उपरोक्त हालात रामेश्वर जी को बताये। रामेश्वर जी ने जरिये मोबाईल वार्ता कर रिश्वत राशि मांग सत्यापन सम्बन्धित हालात निवेदन किये गये। मैने रामेश्वर जी को बताया कि मेरे जरूरी काम है मै भीलवाडा आपके साथ नहीं जा सकता हूं। जिस पर आपके निर्देशानुसार रामेश्वर जी ने मुझे वही छोडकर भीलवाडा के लिये रवाना हुए। समय 08.25 ए.एम पर पूर्व मे पाबंदशुदा स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता-भीलवाडा व श्री तिलकेश्वर प्रसाद धूपड सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-प्रथम, कार्यालय खनि अभियंता-भीलवाडा हाजिर आये। उक्त दोनो गवाहान को कार्यालय पर उपस्थित परिवादी श्री बरदीचन्द उर्फ बरदा से आपस मे परिचय करवाया जाकर परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पढकर सुनाया एवं पढाया जाकर दोनो स्वतन्त्र गवाहान के परिवादी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करवाये गये। रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 02.09.2024 के डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को मालखाना में से निकलवाकर दर्ज वार्ता को चालुकर सुनाया गया। गवाहान ने दर्ज वार्ता को सुनकर रिश्वत राशि का मांग सत्यापन होना बताया। उक्त दोनों गवाहान ने रिपोर्ट को पढ व समझ कर की जाने वाली कार्यवाही में उपस्थित रहने हेतु अपनी-अपनी सहमति प्रदान की। रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता का मेमोरी कार्ड श्री प्रहलाद कुमार स.उ.नि. से सुरक्षित मालखाना रखा गया। समय 08.30 ए.एम पर जरिये दुरभाष तलविदा श्री नेमीचंद सउनि भ्र.नि.ब्यूरो भीलवाडा-प्रथम से कार्यवाही ईमदाद हेतु उपस्थित कार्यालय आये। समय 10.30 ए.एम पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा कार्यालय मे उपस्थित परिवादी श्री बरदी चन्द्र उर्फ बरदा कुमावत पिता श्री लक्ष्मण कुमावत, निवासी माधोपुरा, तहसील आसीन्द, जिला भीलवाडा को आरोपीगण को रिश्वत में दी जाने वाली राशि पेश करने हेतु कहने पर परिवादी श्री बरदी चन्द्र उर्फ बरदा ने अपने पास से भारतीय चलन मुद्रा के 500-500 रूपये के 160 नोट कुल 80,000 रूपये प्रस्तुत किये, नोटों पर मुद्रित नम्बरों को फर्द में अंकित करवाया गया। तत्पश्चात कार्यालय के मालखाना से फिनोल्फ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री मधुसुदन,

सहायक उप निरीक्षक से निकलवाई जाकर उपरोक्त नोटों को सफेद कागज पर रखवाकर नोटो के दोनों ओर श्री मधुसुदन, सहायक उप निरीक्षक से फिनोल्फ्थलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री बरदी चन्द्र उर्फ बरदा की जामा तलाशी गवाह श्री तिलकेश्वर प्रसाद धूपड़ से लिवाई जाकर कोई वस्तु नही छोडते हुए पाउडर लगे नोटों को श्री मधुसुदन सउनि से परिवादी के पहने हुये कुर्ते (जब्बा) की दाहिनी जेब में रखवाये गये। तत्पश्चात श्री रामेश्वर लाल कानि. 250 से एक साफ प्लास्टीक के गिलास में साफ पानी भरवाकर मंगवाया जाकर इसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाकर घोल तैयार करवाया जाकर हाजरियान को दिखाया गया तो हाजरियान ने घोल का रंग अपरिवर्तित होना स्वीकार किया। इस घोल में श्री मधुसुदन सउनि की अंगुलियों, अंगूठे को डूबोकर धुलवाई गई तो धोवण का रंग गुलाबी हो गया। इस प्रकार मन् निरीक्षक पुलिस ने हाजरियान के समक्ष फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर की रासायनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित कराकर उसके मन्तव्य से अवगत कराते हुए बताया कि आरोपीगण द्वारा परिवादी से रिश्वत राशि ग्रहण करने के पश्चात उक्त प्रक्रिया अपनाई जायेगी। जिससे यह प्रमाणित होगा कि आरोपीगण ने रिश्वती राशि अपने हाथों से ग्रहण की है। उक्त गुलाबी घोल को श्री मधुसुदन सउनि से कार्यालय से बाहर फिंकवाया जाकर फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री मधुसुदन सउनि से कार्यालय के मालखाना में सुरक्षित रखवाई गई तथा फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने में काम में लिये गये सफेद कागज को जलाकर नष्ट करवाया गया। प्लास्टीक के गिलास को जलाकर नष्ट किया गया। परिवादी को हिदायत दी गई कि वह आरोपीगण के द्वारा रिश्वत राशि मांगने पर ही उसे देवे तथा रिश्वत राशि देने से पूर्व या देने के बाद उससे हाथ नहीं मिलावे तथा न ही उसके शरीर के किसी अंग को छुए, यदि अभिवादन की आवश्यकता हो तो हाथ जोड़कर अभिवादन करे। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि रिश्वत राशि देते समय जल्दबाजी व घबराहट का प्रदर्शन न करे तथा रिश्वत राशि देने के बाद अपने सिर पर हाथ फेरकर निर्धारित ईशारा करे या मन् निरीक्षक पुलिस को मोबाईल पर कॉल कर रिश्वत राशि देने बाबत निर्धारित ईशारा करे। यह निर्धारित ईशारा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों को समझाया गया। ट्रेप कार्यवाही में प्रयुक्त होने वाली कांच की शिशियॉ, ढक्कन चम्मच इत्यादि को श्री रामेश्वर लाल कानि. 250 से साफ पानी व साबुन से दो बार धुलवाकर ट्रेप बाक्स में रखवाये गये। गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गई कि यथासंभव अपनी-अपनी उपस्थिति को छिपाते हुए परिवादी तथा आरोपी के मध्य रिश्वती राशि के लेन-देन को देखने व सुनने का प्रयास करे। ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। फर्द दृष्टान्त फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पृथक से तैयार की जाकर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। समय 02.05 पी.एम पर सरकारी नया मेमारी कार्ड 32 जीबी का मालखाने से निकलवाकर श्री अशोक कुमार कानि को सुपुर्द कर हिदायत दी गई कि बीएनएसएस के नवीन प्रावधानो के अनुसार मौके की विडियोग्राफी करवायी जाना आवश्यक होने तथा कार्यालय में सरकारी विडियो केमरा नही होने के कारण जरिये मोबाईल पेश सुदा मेमोरी कार्ड में विडियोग्राफी कर पेश करने की हिदायत की गई। तत्पश्चात मन् निरीक्षक पुलिस कल्पना श्री गोपाल लाल जोशी स.उ.नि., श्री प्रहलाद कुमार स.उ.नि., श्री नेमीचंद सउनि, मय दोनो स्वतंत्र गवाह श्री तिलकेश्वर प्रसाद धूपड, श्री गोपाल लाल पंवार मय लेपटॉप प्रिन्टर, टे्प बॉक्स व आवश्यक लेखन सामग्री के सरकारी वाहन बोलेरो मय विनोद कुमार चालक के तथा प्रेमराज कानि0, श्री शिवराज कानि0, श्री अशोक कुमार कानि0, को प्राईवेट वाहन से तथा रामेश्वर लाल कानि को डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय नया मेमोरी कार्ड सिपूर्द कर परिवादी श्री बरदी चन्द्र उर्फ बरदा के साथ परिवादी की मोटर साईकिल पर आसीन्द की तरफ रवाना कर मन् निरीक्षक पुलिस मय हमराहियान के टे्प कार्यवाही हेतु आसीन्द की तरफ रवाना होकर समय 03.48 पी.एम पर मन् निरीक्षक पुलिस मय हमराहीयान के उपरोक्त फिगरा का रवानाशुदा आसीन्द तहसील के पास बायपास रोड़ के पास पहुंचे। वाहनो को साईड मे सुरक्षित खडा किया गया। कानि रामेश्वर लाल कानि से डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड के चालुकर लेन देन वार्ता को रिकॉर्ड करने हेतु परिवादी को सिपूर्द कर परिवादी को उसकी मोटर साईकिल पर कानि0 श्री रामेश्वर लाल को बैठाकर तहसील आसीन्द के लिये रवाना किया जाकर उनके पिछे पिछे कानि0 श्री शिवराज को भी रवाना किया जाकर मन् निरीक्षक पुलिस मय हमराहियान के परिवादी के निर्धारित ईशारे का ईन्तजार करने लगे। परिवादी व रामेश्वर कानि0 रवाना होकर तहसील के मैन गेट के बाहर जाकर मोटर साईकिल खडी कर चाबी रामेश्वर कानि को देकर परिवादी तहसील कार्यालय के अन्दर चला गया। थोड़ी देर पश्चात तहसील कार्यालय परिसर में स्थित टे्जरी कार्यालय के सामने वाले गेट से एक व्यक्ति की मोटर साईकिल के पिछे बैठ कर जाता हुआ नजर आया। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस मय हमराहियान के भी उनके पिछे-पिछे रवाना हुई तथा मन् निरीक्षक पुलिस ने कानि श्री रामेश्वर लाल व शिवराज को परिवादी की मोटर साईकिल लेकर उक्त व्यक्ति के पिछे पिछे चलने के निर्देश दिये। परिवादी व उक्त व्यक्ति तहसील से 500 मीटर दूर जाकर परिवादी को मोटरसाईकिल से नीचे उतार कर कुछ वार्तालाप कर परिवादी को छोड कर मोटरसाईकिल लेकर रवाना हो गया। समय 04.02 पी.एम पर परिवादी ने निर्धारित ईशारा अपने सिर पर हाथ फेर कर किया। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस मय हमराहीयान के परिवादी के पास पहुॅची, तो परिवादी ने डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड चालु हालत मे प्रस्तुत किया, जिसको मन् निरीक्षक पुलिस ने लेकर बंद कर अपने पास रखा तथा परिवादी ने बताया कि मोटरसाईकिल से रवाना हुए व्यक्ति पटवारी श्री प्रदीप कुमार यादव है, जिन्होने मेरे से रिश्वत राशि 80,000 रूपये अपनी मोटरसाईकिल की साईड के बैग मे रखने के लिए कहा जिस पर मैने सिपूर्द शुदा नोट पटवारी साहब की मोटरसाईकिल के साईड के बैग मे

रख दिये तथा पटवारी साहब मोटरसाईकिल स्टार्ट कर रवाना हो गये। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस ने कानि शिवराज सिंह व रामेश्वर लाल कानि को परिवादी की मोटरसाईकिल से उक्त पटवारी का पीछा करने हेतु रवाना किया तथा मन् निरीक्षक पुलिस मय हमराहीयान के परिवादी को साथ लेकर उक्त पटवारी का पीछा करने के लिए मय सरकारी वाहन व प्राईवेट वाहन के रवाना हुई। करीब 1 कि.मी. पीछा करने के पश्चात कानि शिवराज ने उक्त पटवारी की मोटरसाईकिल के आगे हाथ का ईशारा कर रोकने के लिए कहा तो उक्त व्यक्ति मोटरसाईकिल की स्पीड और तेज बढा दी जिस पर कानि शिवराज व रामेश्वर लाल ने उक्त व्यक्ति की मोटरसाईकिल के आगे मोटरसाईकिल लगाकर बडी मुश्किल से उक्त पटवारी की मोटरसाईकिल को रोका, तथा उक्त व्यक्ति का बांया हाथ कानि शिवराज सिंह ने व दाहिना हाथ कानि प्रेमराज ने कलाई से पकडा। इसके पश्चात उक्त व्यक्ति की और ईशारा कर परिवादी ने बताया की यह पटवारी साहब श्री प्रदीप कुमार यादव है, जिन्होने मेरे से रिश्वत राशि 80,000 रूपये इनकी मोटरसाईकिल साईड के बैग मे रखवाये है। इसके पश्चात बीएनएसएस मे अंकित प्रावधानो के अनुसार श्री अशोक कुमार 367 से विडियोग्राफी करना प्रारम्भ की गई। इसके पश्चात उक्त व्यक्ति को मन् निरीक्षक पुलिस ने अपना व हमराहीयान का परिचय देकर उसका परिचय पुछा तो अपना नाम श्री प्रदीप कुमार यादव पुत्र श्री रामावतार यादव उम्र 43 वर्ष, निवासी मिलकपुर, तहसील बहरोड, जिला अलवर हाल पटवारी पटवार हल्का जोधडास तहसील आसीन्द जिला भीलवाडा होना बताया। जिस पर आरोपी श्री प्रदीप कुमार यादव को परिवादी और ईशारा कर पूछा कि आपने अभी-अभी परिवादी श्री बरदी चंद उर्फ बरदा से उसके नाम ग्राम जोधडास मे स्थित कृषि भूमि आराजी सं 580 रकबा 5.80 है मे से 7/24 हिस्सा लगभग 8 बीघा भुमि को राजस्व रिकॉर्ड मे संस्थागत रखने व राजस्व रिकॉर्ड मे दुरस्तीकरण करने की एवंज मे परिवादी से 80,000 रूपये रिश्वत राशि आपने अपनी मोटरसाईकिल के साईड के बैग मे रखवाये है क्या। जिस पर आरोपी ने बताया कि मैंने इनसे कोई रिश्वत राशि नही ली है, जिस पर पास ही खडे परिवादी ने बताया कि पटवारी साहब ने रिश्वत के 80,000 रूपये लिये है जो मेरी जमीन को राजस्व रिकॉर्ड मे सस्थागत रखने की एवंज मे लिये है। इस पर पुनः आरोपी से पूछा गया तो आरोपी श्री प्रदीप कुमार यादव पटवारी ने बताया उन्होने मेरे गाडी के बैग मे रख दिये है। इस पर पुनः परिवादी से पूछने पर बताया कि मैंने इनके कहे अनुसार गाडी के बैग मे रखे है। इसके पश्चात उक्त मोटरसाईकिल के बैग मे पडी हुई रिश्वत राशि 80,000 रूपये को गवाह श्री तिलकेश्वर प्रसाद धूपड से निकवायी जाकर गवाह श्री तिलकेश्वर प्रसाद धूपड के पास सुरक्षित रखवायी गई। इसके पश्चात मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा आरोपी श्री प्रदीप कुमार यादव को श्री कृष्ण कुमार अवस्थी, गिरदावर के बारे मे पूछा तो बताया कि मुझे जानकारी नही है, मौके पर आम रोड हो आवागमन होने से होने से तथा मौके पर भीड जमा होने के कारण तथा मन् निरीक्षक पुलिस मय हमराहीयान के अपने-अपने साधनो से आरोपी की मोटरसाईकिल श्री अशोक कुमार कानि के साथ लेकर तहसील कार्यालय आसीन्द पर पहुॅची, जहां पर श्री कृष्ण कुमार अवस्थी, गिरदावर के बारे मे पूछने पर बताया कि अभी अभी तहसील मे थे अभी बाहर निकले है, जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस ने तहसील कार्यालय के बाहर जाकर श्री कृष्ण कुमार अवस्थी, गिरदावर की तलाश की गई, परन्तु गिरदावर मौजुद नही मिला। तहसीलदार आसीन्द के बारे मे पूछने पर जानकारी मे आया कि तहसीलदार साहब भादवी छट का मेला होने से गांव मालासेरी अभी थोडी देर पहले गये है, जिस पर उपखंड अधिकारी आसीन्द को जरिये दूरभाष कर तहसीलदार आसीन्द व श्री कृष्ण कुमार अवस्थी, गिरदावर को तुरन्त तहसील कार्यालय आसीन्द मे भिजवाने हेतु कहा गया। करीब आधे घंटे पश्चात तहसीलदार आसीन्द उपस्थित आये, जिनको मन् निरीक्षक पुलिस ने अपना परिचय देकर उनका परिचय पूछा तो श्री भॅवरलाल सेन, तहसीलदार आसीन्द जिला भीलवाडा होना बताया। जिस पर श्री कृष्ण कुमार अवस्थी, गिरदावर के बारे मे पूछा तो बताया कि श्री कृष्ण कुमार अवस्थी, भू अभिलेख निरीक्षक कालियास तहसील आसीन्द जिला भीलवाडा के पद पर पदस्थापित है, मैं अभी भादवी छट का मेला होने से मालासेरी गांव जा रहा था। उससे पहले तहसील मे मौजुद था, जिस पर तहसीलदार आसीन्द को श्री कृष्ण कुमार अवस्थी, भू अभिलेख निरीक्षक को तहसील कार्यालय मे उपस्थित करने हेतु कहा गया। जिस पर श्री भंवरलाल सेन तहसीलदार ने श्री कृष्ण कुमार अवस्थी, भू अभिलेख निरीक्षक के मोबाईल फोन लगाया, परन्तु फोन स्वीच ऑफ होना पाया गया। श्री कृष्ण कुमार अवस्थी, भू अभिलेख निरीक्षक की आस पास तलाश करवायी गई, परन्तु मौजूद नही मिला। इसके पश्चात गवाह श्री तिलकेश्वर प्रसाद धूपड के पास सुरक्षित रखवायी गई रिश्वत राशि को दोनो गवाहान को गिनने की कहने पर दोनो गवाहान द्वारा गिनकर 500-500 रूपये के 160 नोट कुल राशि 80,000 रूपये होना बताया। जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा दोनो गवाहान से उक्त नोटो के नंबरो को मिलान फर्द दृष्टांत एवं सुपुर्दगी नोट से करने के लिये कहने पर दोनो गवाह द्वारा उक्त नोटो के नम्बरो का मिलान फर्द दृष्टांत एवं सुपुर्दगी नोट से कर उक्त नोटो के नंबरो का मिलान हू-ब-हू होना बताया। नोटो के नम्बर निम्नानुसार है- 1. 500 रूपये का एक नोट 7UB 473602 2. 500 रूपये का एक नोट 5GV 567277 3. 500 रूपये का एक नोट 1WR 472215 4. 500 रूपये का एक नोट 2VF 552278 5. 500 रूपये का एक नोट 8SU 047157 6. 500 रूपये का एक नोट 3KC 297017 7. 500 रूपये का एक नोट 5CH 801324 8. 500 रूपये का एक नोट 1AR 823355 9. 500 रूपये का एक नोट 2MT 946495 10. 500 रूपये का एक नोट 0VL 675182 11. 500 रूपये का एक नोट 6KE 887713 12. 500 रूपये का एक नोट 3KA 645115 13. 500 रूपये का एक नोट 3AQ 084532 14. 500 रूपये का एक नोट 1BL 800192 15. 500 रूपये का एक नोट 6AT 902903 16. 500 रूपये का

